## खबर संक्षेप

### कसेड नदी के किनारे विधायक ने किया पौधरोपण



शहडोल। जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगातार पौधरोपण किया जा रहा है। बुढार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चन्नौडी में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी के मार्गदर्शन में कसेड नदी के तट पर पौधरोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, अध्यक्ष जनपद पंचायत बुढार सुश्री उमा धुर्वे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बुढार हर्ष प्रताप सिंह ,जनपद सदस्य श्रीमती यशोदा सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार, राजीव लघाटे, एपीओ दिवाकर सिंह, सहायक यंत्री बी.एस.पेड्रो एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक सहित अन्य लोगो ने पौधरोपण किया।

### युवाओं को कराया गया मांडव महेश्वर एवं ओंकारेश्वर का भ्रमण



शहडोल। मध्यप्रदेश शासन संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल की महत्वाकांक्षी योजना मां तुझे प्रणाम के अंतर्गत शहडोल संभाग के जिला शहडोल, उमरिया व डिंडोरी जिले के 46 युवाओ को मांडव महेश्वर, एवं ओंकारेश्वर जैसे अन्य ऐतिहासिक साहसिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण 3 जून से 6 जून तक कराया गया। रानी रूपमती महल, जहाज महल, जामा मस्जिद, हिंडोला महल, बाज बहादुर किला एवं ऐतिहासिक बबली और लेजर लाइट शो को युवाओं को दिखाया गया। मांडव के गौरवान्वित इतिहास को लेजर लाइट से द्वारा युवाओं को दिखाया गया और मांडव के इतिहास से परिचित करवाया गया। भ्रमण हेतु दल प्रभारी रतन सिंह, दयानंद सोंधिया, भागवत पटेल, नारा भ्रमण के दौरानयण सिंह मरावी की डियूटी लगाई गई थी।

### कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा



शहडोल । कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टि के साथ निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित सीईओ जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को संबल योजना में पंजीयन संबंधी शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। आपने आगामी समाधान ऑनलाइन हेतु राज्य स्तर से चयनित विभागों तथा उन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए दो दिवस के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, श्रीमती ज्योति परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएम भ्रमण के परिपेक्ष्य में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

शहडोल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 09 जून को भगवान बिरसा मुण्डा के निर्वाण दिवस के अवसर पर ब्यौहारी जनपद पंचायत मुख्यालय में आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन की तैयारियों के परिपेक्ष्य में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जयसिंहनगर जनपद पंचायत सभागार में खण्डस्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने वाले हितग्राहियों की ग्रामवार सूची तैयार कर ली जाए। हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। वाहनों के आने-जाने के रूट चार्ट भी तैयार कर लिए जाएं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मंगठार में हुई युवक की हत्या का हुआ खुलासा

## मां को जिंदा जलाया: 13 साल बाद बेटे ने लिया बदला

### 2 आरोपी गिरफ्तार, पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने उतारा मौत के घाट

उमरिया। जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना अंतर्गत बीते दिनों बरा मोहल्ला ग्राम सुन्दरदादर रोड के बगल में एक व्यक्ति की रक्त रंजित लाश मिली, पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल को सुरक्षित करते हुये कार्यवाही प्रारंभ की गई । बरा मोहल्ला मंगठार में आस-पास क लोगों से पूछताछ पर उक्त शव मनोज पिल्ले पिता तुलसीधरन पिल्ले उम्र 45 साल निवासी बजरंग मोहल्ला मंगठार होना पाया गया तथा मृतक के पास एक बड़ा सा पत्थर मिला, जिसमें रक्त के धब्बे लगे हुऐ थे, जिससे प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक कर सिर को पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी है, पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया। प्रकरण में आरोपियों की पता तलाश हेतु घटना के साक्षी गणों से पूछताछ की गई।

**जुर्म किया स्वीकार -** पुलिस ने घटना स्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन कर आरोपियों की पतासाजी के लिए मुखबिर तंत्र लगाया गया, जिससे पता चला कि घटना शिवेन्द्र चतुर्वेदी उर्फ लल्लू पिता शिव कुमार चतुर्वेदी उम्र 29 साल निवासी लेबर कालोनी मंगठार तथा प्रवीण नामदेव पिता दयाशंकर नामदेव उम्र 29 साल निवासी लेबर कालोनी मंगठार द्वारा की गई है, दोनो संदेहियो की तलाश कर बारीकी से पृथक-पृथक से पूछताछ की गई, जिनके द्वारा जुर्म स्वीकार करते हुए, बताया गया कि शिवेन्द्र चतुर्वेदी की मां कमला चतुर्वेदी की हत्या करीब 13 वर्ष पूर्व मृतक मनोज पिल्ले द्वारा घर अंदर जिन्दा जलाकर की गई थी।

**पत्थर से कुचलकर की हत्या -** पुरानी रंजिश को लेकर शिवेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा अपने दोस्त प्रवीण नामदेव के साथ मिलकर 5 जून को रात्रि कशीब 9 बजे मनोज पिल्ले के साथ बैठकर शराब पी, इसके बाद अपने साथी प्रवीण के साथ मिलकर मनोज पिल्ले की सिर को पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। दोनो आरोपियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता



है। कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक एवं अति पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पाली के नेतृत्व में पाली पुलिस द्वारा 10 घण्टे के अंदर अंधी हत्या का खुलासा किया गया ।

## दूसरों की डिग्रियों पर चल रहा मेडिकल स्टोर

# बगैर डॉक्टर के पर्चे की रेवड़ी की तरह दे रहे दवाई



### चिकित्सा विभाग को नहीं कोई सरोकार

मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से मेडिकल स्टोरों का संचालन किया जा रहा है और लोगों को डॉक्टरों के पर्चे के बगैर दवाइयां बेची जा रही है। हालात ऐसे है कि जिले के कई मेडिकल स्टोर तो मेडिकल की आड़ में नकली और नशीली दवाइयां भी बेच रहे है, जिनसे नशा करने वाले युवा आसानी से नशीली दवाइयां खरीद लेते है और खुलेआम नशा करके नशे के आदी बनते जा रहे है।

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

संभागीय मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों में संचालित किए जा रहे सैकड़ों से अधिक मेडिकल स्टोरों को संचालित करने वाले दवा कारोबारियों में से कई के पास तो मेडिकल स्टोर का रजिस्ट्रेशन तक नहीं है, जिनके पास रजिस्ट्रेशन है, उनके पास बी-फार्मा डिग्री या डिग्री धारी कर्मचारी नहीं है और जिनके पास रजिस्ट्रेशन और बी फार्मा डिग्री है, उनमें से ज्यादातर मेडिकल संचालक नियम विरुद्ध तरीके से बिना डॉक्टर के पर्चे के लोगों को खुलेआम दवाइयां बेच रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साधे हुए है। जिससे अवैध तरीके से दवा बेचने का कारोबार कर रहे मेडिकल संचालकों के हौसले बुलंद है।

### नियमों का नहीं हो रहा पालन

संभागीय मुख्यालय से लेकर तहसील और जिले भर के हर छोटे-बड़े कस्बो में मेडिकल स्टोरों की भरमार है। शहर में संचालित मेडिकल स्टोर नियमों का पालन न करते हुए डॉक्टरों के पर्चे के बिना लोगों को दवाइयां दे रहे हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले ज्यादातर लोगों के पास बीफार्मा की डिग्री और रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। जिन मेडिकल स्टोर संचालकों के पास मेडिकल के रजिस्ट्रेशन और बी-फार्मा की डिग्री है, बाकी के मेडिकल स्टोर झोलाछाप डॉक्टरों और ड्रग इंस्पेक्टर की कृपा से बिना कोई औपचारिकता पूरी किए बगैर संचालित किए जा रहे है। जिनकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को भी है, लेकिन वह कभी कोई कार्रवाई नहीं करते है।

### नौसिखिए करते हैं नौकरी

संभाग के तीनो जिलों में अधिकांश मेडिकल स्टोर दूसरे लोगों की डिग्री से संचालित किए जा रहे है। मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा बी-फार्मा डिग्रीधारी व्यक्ति को मेडिकल पर रखने की बजाए 03 से 04 हजार रुपए में कम पढ़े लिखे युवकों को मेडिकल स्टोरों पर लगा रखा हैं, जिन्हें दवाइयों की भी कोई जानकारी नहीं होती हैं, वह मेडिकल स्टोर संचालक के बताए अनुसार मरीजों को दवाइयां दे-देकर दो से तीन महीने में ट्रेंड हो जाते है और मेडिकल स्टोरों का संचालन करते है। संभाग में अधिकतर दुकानें एक-दो लोगों की हैं जो एक ही लाइसेंस पर अलग-अलग नाम से संचालित की जा रही हैं। नियमानुसार एक लाइसेंस पर सिर्फ एक दुकान का संचालन किया जाता सकता हैं।

### कमीशन के कारण जांच नहीं

संभाग भर में सैकड़ो मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे है, जो वैध है या अवैध इसकी ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा कभी छान-बीन तक नहीं की जाती है, संभाग में हर डॉक्टर अपनी क्लीनिक व अस्पताल में मेडिकल दुकान संचालित किए हुए हैं , इसके अलावा शहर के अंदरूनी गलियों में भी दर्जनों दुकानें संचालित हैं, जिनमें ज्यादातर दुकानों दूसरों के लाइसेंस पर चल रही हैं। यदि इनकी जांच की जाए तो एक सैकड़ों दुकानों बंद हो जाएंगी, लेकिन कमीशन मिलने के कारण कभी भी जांच नहीं की जाती है। बताया गया है कि डिग्री एवं लाइसेंस धारी व्यक्ति द्वारा पांच से दस हजार रुपया प्रतिमाह पर लाइसेंस किराए पर दिया जाता है। दस्तावेज में संचालक का नाम लाइसेंसधारी व्यक्ति का ही अंकित रहता है, लेकिन मेडिकल स्टोर का संचालन कोई अन्य व्यक्ति करता है।

## दो सदस्यीय टीम ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



शहडोल। जिला चिकित्सालय शहडोल के लक्ष्य आधारित मेटरनिटी वार्ड के असेसमेंट के लिए दो सदस्यीय टीम एनएचएम भोपाल से प्राची अग्निहोत्री व जिला चिकित्सालय अनूपपुर से प्रिया प्रजापति ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। टीम द्वारा लेबर रूम व ऑपरेशन थिएटर में प्रसूताओं को मिलने वाली सुविधाओं व वहां उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया, साथ ही अस्पताल प्रबंधन से प्रसूताओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मेटरनिटी वार्ड में साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी पाई गई, जिसकी टीम ने सराहना की। लक्ष्य टीम ने लेबर रूम के साथ ही ऑपरेशन थियेटर का भी निरीक्षण किया। साथ ही प्रसूताओं से भी अस्पताल प्रबंधन से मिलने वाले सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। वार्ड व ओटी में उपलब्ध संसाधनों व अन्य मशीनरी के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने दल के सदस्यों को जिला अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक प्रबंधन श्रीमती पूजा सोनी, आरएमओ डॉ. पुनीत श्रीवास्तव उपस्थित थें।

### जिले में आयोजित किए जा रहे कृषि शिविर

शहडोल। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन विभाग के अमले द्वारा जिले के जनपद पंचायत जयसिंनगर के विभिन्न ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 07 जून 2025 को जयसिंहनगर जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक चौहान के मार्गदर्शन में करकी, सीधी, पोड़ी कला, छूढा, भर्री, हिडवाह,सेमरा, पथरवार तथा बसही में कृषि शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### कृषि शिविरों का किया गया आयोजन

शहडोल। खरीफ फसल के पूर्व किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने हेतु जिले में 29 मई से 12 जून तक कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जयसिंहनगर जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक चौहान के मार्गदर्शन में ग्राम ढोलर, कुबरा, बरकछ, कौआसरई, झारा, बराछ, टेटका, अमझोर तथा सन्नौसी में कृषि शिविरो का आयोजन कर कृषि संबंधी जानकारी दी गई तथा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिवर में किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी गई। खेती की उन्नत तकनीक, फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण के संबंध में भी किसानों को जानकारी दी गई।

## 2 मोटर सायकिल सहित चोरी के आरोपी गिरफ्तार



शहडोल।

जिले के ब्यौहारी थाना में 06 जून को फरियादी फरियादी मोहम्मद रासीद पिता स्व. मोहमम्द वसीर उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 ब्यौहारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 05 जून के शाम 06 बजे घर से केसरी पैलेस मे शादी समारोह का कार्यक्रम मे काम करने अपने मोटर सायकल से गया था, मोटर सायकिल बाहर खड़ा कर काम अंदर काम करने लगा बाद रात करीब 12 काम करके वापस घर जाने के बाहर आया तो मोटर सायकिल वहां नही थी, आस-पास तलाश किया तो नही मिली, अज्ञात चोर मेरी मोटर सायकल चोरी कर ले गया है। 14 अप्रैल को फरियादी बिहारीलाल कोल पिता दद्दी कोल उम्र 40 वर्ष निवासी जमोड़ी द्वारा ब्यौहारी बाजार से मोटर सायकल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, पुलिस ने दोनो मामलों में धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान केशरी पैलेस मे लगे सीसीटीव्ही कैमरे के आधार पर आरोपी प्रिंस पटेल पिता जमुना पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी मुख्तियारगंज थाना कोतवाली जिला सतना हाल गोदावल तिराहा ब्यौहारी, अभिषेक उर्फ गोलू सोनी पिता रामलखन सोनी उम्र 19 वर्ष निवासी बस स्टैण्ड ब्यौहारी को चिन्हित कर पता तलाश की गई, आरोपियों को पकड़ने के बाद घटना के संबंध मे पूछताछ की गई, आरोपियों ने घटना करना स्वीकार किया तथा चोरी गई दोनो मोटर सायकिल को आरोपी प्रिंस पटेल के किराये के मकान से बरामद कराया। दोनों आरोपियों को 07 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी ब्यौहारी के निर्देशन में ब्यौहारी पुलिस द्वारा की गई है। कार्यवाही में थाना प्रभारी अरूण कुमार पाण्डेय एवं अधीनस्थ स्टाफ उपनिरीक्षक वीरेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक संजय द्विवेदी, त्रिलोक सिंह, अमृत यादव, अजीत यादव की भूमिका रही है ।

## कोल जनजातीय महाकुंभ बनेगा समाज की एकता का मंच: शरद

# पुलिस-प्रशासन कर रहा युद्ध स्तर पर तैयारी

शहडोल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 जून को भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर जिले के ब्यौहारी जनपद पंचायत मुख्यालय में आयोजित कोल जनजातीय महाकुंभ में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम कोल समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक महत्व को उजागर करने वाला प्रदेश का सबसे बड़ा कोल सम्मेलन बताया जा रहा है। ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियों को लेकर ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक शरद कोल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की और सम्मेलन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। विधायक शरद कोल के अनुसार यह महाकुंभ कोल समाज को संगठित कर एक नई पहचान देने का प्रयास है। सम्मेलन में हजारों की संख्या में कोल समाज के लोगों के जुटने की संभावना है।



### प्रदेश में 25 लाख से अधिक कोल समाज के लोग

विधायक शरद कोल ने बताया कि प्रदेश में कोल समाज की आबादी लगभग 25 लाख से अधिक है। रीवा, सीधी, सतना, शहडोल, खजुराहो और जबलपुर संसदीय क्षेत्रों में कोल समाज की बड़ी संख्या निवास करती है। अकेले मऊगंज जिले में कोल समाज की जनसंख्या 70 से 72 हजार के बीच है, वहीं ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में भी 38 हजार से अधिक कोल समाज के लोग रहते हैं। जनसंख्या के आधार पर कोल समाज प्रदेश में भील और गोंड समाज के बाद तीसरे स्थान पर है। ब्यौहारी में आयोजित होने वाला यह सम्मेलन केवल एक राजनीतिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि कोल समाज की एकता, जागरूकता और सशक्तिकरण का मंच बनेगा। भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में हो रहे इस आयोजन को लेकर न सिर्फ कोल समाज, बल्कि पूरा आदिवासी समाज उत्साहित है।

### प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

मुख्यमंत्री की मौजूदगी को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने तैयारियों को युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। सुरक्षा से लेकर यातायात और मंच व्यवस्था तक, हर पहलू पर बारीकी से काम किया जा रहा है। आयोजन स्थल को पारंपरिक और सांस्कृतिक रंग में रंगने की योजना है, जिससे कोल समाज की विरासत को भव्य रूप में प्रस्तुत किया जा सके। इस सम्मेलन की संकल्पना और संचालन की जिम्मेदारी भाजपा विधायक शरद कोल ने स्वयं संभाली है। वे लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और कोल समाज के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे लोगों को इस ऐतिहासिक महाकुंभ में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन कोल समाज की गरिमा को बढ़ाने और उनकी सामाजिक-आर्थिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### अमिलिहा में हुई हत्या मामले में आईजी ने की समीक्षा



शहडोल। संभागीय मुख्यालय से सटे उमरिया जिले के पाली थाना अंतर्गत ग्राम अमिलिहा में 04 जून की दर्मयानी रात में मृतक शिवदयाल शुक्ला की हुई हत्या के प्रकरण के शीघ्र खुलाशे के लिए पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पाली कार्यालय में समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा हत्या के आरोपियों के संबंध में आवश्यक जानकारी देने पर 30 हजार रूपये की ईनाम की घोषणा भी की गई। प्रकरण में अग्रिम विवेचना एवं अज्ञात आरोपियों की पता तलाश हेतु अनु. अधिकारी पुलिस पाली के नेतृत्व में 07 सदस्यीय टीम गठित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक सुश्री सविता सोहाने, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह, अनु. अधिकारी पुलिस पाली, थाना प्रभारी पाली, चौकी प्रभारी घुनघुटी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पैगाम फाउंडेशन ने रोपित किए पौध



**उमरिया।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पैगाम फाउंडेशन व्दारा सगरा तालाब के किनारे पौधारोपण किया गया। पैगाम फाउंडेशन के योगेश खंडेलवाल ने बताया कि सरकार व्दारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से सभी जन पौधों को रोपित करें और अधिक से अधिक पेड़ लगाकर धरती का श्रृंगार करें तथा रोपित पौधे नष्ट नही हो, इसकी सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए जाए। इस अवसर पर पैगाम फाउंडेशन के अन्य जन भी उपस्थित रहे ।

### साथिया द्वारा किया गया पौधरोपण



**उमरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम टिकरी में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की साथिया टीम व्दारा गत दिवस पौधरोपण किया तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। उन्होने कहा कि पेड हमें आक्सीजन प्रदान करने के साथ ही फल फूल प्रदान करते है। पेड़ों का हमारे जीवन मे बडा महत्व है। ग्रामीण जन इस अभियान मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पौधरोपण निश्चित रूप से करे।

### 8 जून को आयोजित होगे कार्यक्रम

**उमरिया।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि 8 जून को मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत छपरौड, अमिलिया, परासी, पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत खोलखम्हरा, रौगढ ,षाहपुर तथा करकेली विकासखंड के बहेरवाह, घोघरी तथा नरवार में कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक ग्रामीण जन एवं कृषकों को बीज की जानकारी, योजना की जानकारी, कृषि यंत्र की जानकारी, स्वाईल हेल्थ कार्ड, मिट्टी परीक्षण, आधार लिंक, आधार अपडेट, ईकेवाइसी, के.सी.सी., कृषि यंत्र ऑनलाईन, फौती नामांतरण, कार्यक्रम के दौरान किया जायेगा।

### बाघिन के हमले से मौत के बाद दी गई दी गई मुआवजा राशि

**उमरिया।** क्षेत्र संचालक बीटीआर ने बताया कि गल्ली बाई यादव पति श्री काशी यादव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम राखी ग्राम पंचायत गुरुवाही तहसील मानपुर जिला उमरिया म.प्र., अपने दैनिक क्रियाकलाप हेतु ग्राम में स्थित भितरी नाला के पास गई थी तभी नाले में से जा रहे एक बाघिन से उनका सामना हो गया दुर्घटनावश उक्त घटना में महिला की मृत्यु बाघिन के हमले से हो गई । मौके पर वन विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग का अमला तुरंत पहुचा एवं शासन के नियमानुसार पीड़ित परिवार को तात्कालिक सहायता प्रदान की। पीड़ित परिवार को नियमानुसार 8 लाख रुपय की मुआवज़ा राशि प्रदान करने की प्रकिया प्रारंभ कर दी गई है। वन विभाग की शोक संवेदनाएं परिवार के प्रति है।

### परिवहन विभाग की लापरवाही से हो रहा राजस्व को नुकसान

# बिना टैक्सी परमिट सड़क पर दौड़ रहे वाहन

**उमरिया।** बिना परमिट की दौड़ती गाड़ियों से परिवहन विभाग को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। सरकारी विभागों में वाहन लगाने का ठेका लेने वाले लोग करोड़ों रुपये का भुगतान प्राप्त कर रहे हैं। जिले के आधा दर्जन से अधिक कार्यालयों में घरेलू उपयोग के वाहनों को किराए पर लेकर व्यावसायिक उपयोग में लिया जा रहा है। जिले भर में सडक़ों पर बिना परमिट दौडऩे वाले वाहनों पर कार्रवाई पुलिस-प्रशासन व परिवहन विभाग के अफसर करते हैं, प्राइवेट वाहन को किराए पर चलाने के लिए उसका टैक्सी परमिट लेना जरूरी होता है, लेकिन आम लोगों के साथ सरकारी अधिकारी भी इन प्राइवेट गाडिय़ों को टैक्सी के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। कई प्राइवेट टैक्सी के हिसाब से किराया वसूल रहे हैं, लेकिन उक्त वाहन टैक्सी परमिट में वैद्य नहीं है।



#### परमिट के लिए यह है नियम

निजी और टैक्सी वाहन की पहचान के लिए परिवहन विभाग ने इनकी नंबर प्लेट को अलग कर दिया है। निजी वाहन पर सफेद प्लेट पर काले रंग से नंबर लिखे होते हैं, जबकि टैक्सी वाहनों की नंबर प्लेट पीली रंगी होती है। इसके साथ ही विभागों को टैक्सी नंबरों के साथ ही नियमानुसार अनुबंध करना होता है, मगर ऐसा नहीं होता है। अफसर अपने चहेते को टेंडर देने और खेल करने के लिए बिना टैक्सी नंबरों से अनुबंध कर लेते हैं।

#### टैक्स दरें हैं निर्धारित

सरकारी विभागों में किराए पर वाहन लगाये गये हैं, इन गाडिय़ों के संचालक हर महीने विभागों से मोटी रकम बतौर किराया वसूल रहे हैं। आमतौर पर आरटीओ द्वारा वाहनों के निजी उपयोग के लिए अलग टैक्स दरें निर्धारित की गई है। जबकि वाहनों के व्यावसायिक उपयोग के लिए टैक्स दरें अधिक हैं। घरेलू उपयोग पर लाइफ टाइम रोड टैक्स लिया जाता है। जबकि व्यावसायिक उपयोग पर तिमाही टैक्स वसूले जाते हैं। यह टैक्स की चोरी करने आमतौर पर लोग वाहनों को घरेलू प्रयोजन बताकर खरीदते हैं और इसका व्यावसायिक हित साधते हैं।

#### चालकों के हौसले बुलंद

टैक्सी चालकों से वाहनों को कमर्शियल नहीं कराए जाने के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि कमर्शियल कराए जाने पर उनके ऊपर टैक्स का बोझ बढ़ेगा, कुल मिलाकर बिना कमर्शियल परमिट के सवारी गाड़ी, टैक्सी और मालवाहक गाड़ी धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, जिसमें परिवहन विभाग के लापरवाही के चलते कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है, विभाग की उदासीनता के चलते वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं, शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, मालवाहक और सवारी वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर परिवहन विभाग शासन की आंखों में धूल झोंकता नजर आ रहा है।

#### कार्यवाही की दरकार

जिले में पिकअप, मैजिक ,तूफान ,अर्टिगा ,बुलेरो ,डिजायर , इनोवा सहित अन्य वाहन है, जिनका रजिस्ट्रेशन प्राइवेट नम्बर है और यह वाहन टैक्सी मे चला रहे है, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है और यह वाहन मालिक शासन की आंख में धूल झोंककर दिलेरी से रोड में बुकिंग लेकर दौड़ रहे है, यह वाहन नया बस स्टैंड, पुराना पड़ाव ,स्टेडियम ,करकेली ,नौरोजाबाद, मानपुर में देखे जा सकते है, जो कुछ वाहन जबलपुर ,सतना, शहडोल ,कटनी ,रजिस्टर्ड है, लोकल उमरिया में ऐसे वाहन जिसमें ट्रेवल्स लिखा हुआ है, जबकि नंबर प्राइवेट है, लेकिन यातायात और परिवहन अधिकारी को यह वाहन नजर नहीं आते हैं। जागरूक लोगों ने मांग की है कि पूरे मामले में जांच कर ऐसे वाहन मालिकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये, जिससे शासन को राजस्व मिल सके।

## जैविक खाद एवं डेयरी प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**उमरिया।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, उमरिया द्वारा ग्राम सुंदरदादर, ब्लाक पाली में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत उमरिया के अंतर्गत डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, 30 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 07 मई से 06 जून तक संचालित किया गया, जिसमें 35 महिला एवं पुरूष प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं इस प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों का असेसमेंट श्री ओपी चतुर्वेदी (असिस्टेंट कंट्रोलर) के नियंत्रण में रामसुख दुबे (डीएसए) एवं ईडीपी एसेसर सत्यम सिंह के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन दिनांक 06.06.2025 को (आरसेटी निर्देषक ) डा. तरूण कुमार सिंह , राज जायसवाल (संकाय सदस्य) उपस्थिती में किया गया। आरसेटी निर्देशक टी.के. सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि आपने जो यह 30 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, प्रशिक्षण प्राप्त किया है एवं प्रशिक्षण के दौरान जो भी जैविक खाद निर्माण एवं दुग्ध उत्पादन की आधुनिक तकनीकियों को सीखा है उसे आप को अपने कृषि कार्य में उपयोग में लाना है जिससे आप को ज्यादा से ज्यादा आर्थिक लाभ हो सके क्योंकि आज का युग जैविक कृषि का युग है और आर्गेनिक फल , सब्जी व अनाज की बहुत मांग है जिससे इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है एवं आप इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते है। कृषि आज केवल जीवकोपार्जन का साधन बस नही बल्कि यह आज आर्थिक लाभ के व्यवसाय के रूप में परिवर्तित हो गया है इसी के साथ उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों का अपनी शुभकामनायें दी । इसके अनीता सिंह सरपंच सुंदरदादर के द्वारा भी सभी प्रशिक्षणार्थियों को सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने की बधाई दी एवं आगे सतत रूप से कार्य करने के लिये कहा। इसके बाद संकाय सदस्य श्री राज जायसवाल जी के द्वारा भी सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुये शुभकामनायें दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नशा न करने के प्रति लोगों को जागरुक कर रहे हैं युवा

### दीवार पर लेखन और चित्रकला के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**उमरिया।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के आव्हान पर जिले की युवा टीम उमरिया के द्वारा नशा मुक्त जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। युवा टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश को नशा मुक्त गगन बनाने की बात कही है मुख्यमंत्री की इस बात को उमरिया जिले के युवा टीम ने अपने यह प्रेरणा बना लिया है। जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह के मार्गदर्शन पर युवा टीम के द्वारा टोली विस्तार कर जिले के विभिन्न ने ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों पर नशा मुक्त जन जागरूकता अभियान आयोजित कर लोगों को जागरूक व प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत




युवाओं की टोली के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गांव जाकर दीवारों पर नशा मुक्त नारे लिख लोगों को जागरुक को प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि नशा करना एक बार शुरू हुआ तो इसके मकडज़ाल में फंसकर नशा करने वालों का जीवन बर्बाद हो जाता है। नशा करने से शरीर, मन, बुद्धि, परिवार किसी को लाभ नहीं होता है, तो इसको करने की क्या आवश्यकता है। हर नशा ही बर्बादी की जड़ है, इसलिए इससे दूरी आवश्यक है।युवाओं की टोली ने दीवार लेखन से लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि नशा से अपराध, घरेलू हिंसा, दुष्कर्म, दुर्घटना, स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा के दुष्परिणाम समाज को सुरसा की तरह दिन प्रति दिन निगलता जा रहा है। इससे सावधान होकर हमें समस्याओं के समाधान के लिए नशा से नाता तोडऩा पड़ेगा तभी हमारे एक सभ्य समाज का निर्माण हो पाएगा। दीवार लेखन करते समय टीम संयोजक हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,नेहा सिंह, हेमलता सिंह,दुर्गा बाई, लक्ष्मी बाई, मलती सिंह,इंद्रवती बाई, सरोज,रामकली सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर तालाब गहरीकरण के साथ किया वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज अमलाई।** जिले का ऐतिहासिक उद्योग के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ओरिएंट पेपर मिल्स - कॉस्टिक सोडा यूनिट में 1 जून को फैक्ट्री परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा, 5 जून 2025 को धोबी तालाब में भी वृक्षारोपण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन को बढ़ावा मिला। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ओरिएंट पेपर मिल्स - कॉस्टिक सोडा यूनिट में 1 जून को फैक्ट्री परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र द्विवेदी, राघवेंद्र मिश्रा और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी बालेंद्र राठौर एवं सुभाष निगम उपस्थित रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कॉलोनी परिसर में स्थित तालाबों का गहरीकरण और जल स्त्रोतों की सफाई पौधारोपण, और वर्षा जल संचयन का कार्य ओरिएंट पेपर मिल्स - कॉस्टिक सोडा यूनिट में किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और स्थानीय जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना है। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर ओरिएंट पेपर मिल्स, कॉस्टिक सोडा यूनिट, अमलाई में वृक्षारोपण कार्यक्रम धोबी तालाब के पास आयोजित किया गया। जिससे पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। यह पहल स्थानीय समुदाय और कर्मचारियों द्वारा मिलकर की गई, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का एहसास हुआ।

इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम ₹प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना₹ है, जो हरित जीवन शैली और प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने पर जोर देती है। दक्षिण कोरिया इस वर्ष का मेजबान देश है। इस अवसर पर असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (वर्क्स) अविनाश कुमार, असिस्टेंट जनरल मैनेजर पी.के. पांडव, ए.के. सिंह, अरविंद शुक्ला एचआर प्रमुख, अभिषेक जैन उपकरण प्रमुख, सुरक्षा विभाग प्रमुख राम गोपाल उर्मलिया, आशिर्वाद मिश्रा, दिलीप मिश्रा, और संतोष सिन्हा उपस्थित रहे। इसके अलावा, सिविल प्रमुख आनंद पटेल और क्वालिटी एवं एनवायरनमेंट प्रमुख रघवेंद्र मिश्रा की सराहनीय भागीदारी रही। इस अवसर पर फैक्ट्री के वर्कर और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आयोजन को और अधिक सफल और सार्थक बनाया गया। उनकी सक्रिय भागीदारी ने उत्साह और टीम भावना को मजबूत किया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में पीपल, बरगद, आम और अन्य फलदार पौधों को लगाया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा। इन पौधों का चयन न केवल हरियाली बढ़ाने के लिए किया गया है, बल्कि इनसे क्षेत्र में छाया, ऑक्सीजन और प्राकृतिक संतुलन भी बनेगा। यह पहल निश्चित रूप से पर्यावरण के लिए एक सकारात्मक कदम है।

## कोल इंडिया की टेक्निकल सब कमेटी की दूसरी बैठक कोलकाता में हुई

**हरिभूमि न्यूज़राजनगर।** कोल इंडिया मानकीकरण समिति की टेक्निकल सब कमेटी की दूसरी बैठक शुक्रवार को कंपनी मुख्यालय कोलकाता में हुई। इसमें कैडर स्कीम को लेकर तैयार ड्राफ्ट रिपोर्ट पर चर्चा की गयी। सूचना के मुताबिक, ड्राफ्टिंग कमेटी द्वारा तैयार प्रारूप में यूनियन प्रतिनिधियों ने कई संशोधन सुझाए हैं। यूनियन प्रतिनिधियों के अनुसार, चूंकि यह स्कीम कर्मचारियों के करियर ग्रोथ से जुड़ी है, इसलिए इसे अंतिम रूप देने से पूर्व कर्मचारियों की राय लेनी जरूरी है। ड्राफ्ट काफी विस्तृत है। इसे गहराई से पढ़ने व समझने के लिए उन्हें और समय चाहिए।

ड्राफ्ट का अध्ययन करने के लिए यूनियनों ने मांगा समय

पहले वे स्वयं ड्राफ्ट का अध्ययन करेंगे और फिर कर्मचारियों से राय लेकर आवश्यक सुझाव तैयार करेंगे. इसके लिए सभी अनुषंगी कंपनियों में तकनीकी समिति के सदस्य कर्मचारियों के बीच जाकर उनको ड्राफ्ट से संबंधित जानकारी देंगे और उनका फीडबैक लेंगे. कोलकर्मियों से प्राप्त सुझावों व प्रतिनिधियों द्वारा तैयार संशोधित ड्राफ्ट को अगली बैठक में प्रबंधन के समक्ष रखा जायेगा। बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से सीसीएल के निदेशक (एचआर) हर्षनाथ मिश्रा, एनसीएल के निदेशक तकनीकी (परिचालन) एसपी सिंह, कोल इंडिया के महाप्रबंधक (एचआर) औद्योगिक संबंधन गौतम बनर्जी, वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) आइआर फणेंद्र कोराडा, ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्य अभिषेक त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। वहीं यूनियन की ओर से सीटू के बीके पटेल, बीएमएस से जयंत आसोले, एचएमएस से राघवन रघुनंदन व एटक से सुरेंद्र कुमार शर्मा आदि थे। सीसीएल के निदेशक (एचआर) मिश्रा समेत अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## 12 घंटे में गुमशुदा बालिका को रामनगर पुलिस ने किया सकुशल बरामद



**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** थाना रामनगर क्षेत्रांतर्गत निवासी जतिन सिंह गोंड (परिवर्तित नाम) की 14 वर्ष 9 माह की पुत्री रूबी सिंह (परिवर्तित नाम) दिनांक 05 जून 2025 को प्रातः 11:00 बजे घर से बिना बताए निकल गई थी और देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराए जाने पर थाना रामनगर में अपराध क्रमांक 147/25, धारा 137(2) **BNS** के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर बालिका की तत्काल तलाश प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। रामनगर पुलिस द्वारा किए गए त्वरित प्रयासों एवं तकनीकी सूचनाओं के आधार पर महज 12 घंटे के भीतर दिनांक 06 जून 2025 को कोतमा से बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, उप निरीक्षक फूलवती, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी, प्रधान आरक्षक राहुल प्रजापति एवं आरक्षक राजेंद्र केवट की सक्रिय भूमिका रही। दस्तयाब बालिका को नियमानुसार वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

## SECL जमुना-कोतमा में रात के अंधेरे में डकैती

### जब कर्मचारी बंधक बना, ट्रांसफार्मर उड़ गया और प्रशासन सोता रहा



**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** अब कोयला उत्पादन के लिए नहीं, डकैती और लापरवाही के लिए जाना जा रहा है यहां अब सिर्फ खनन नहीं हो रहा, बल्कि व्यवस्था का कब्रिस्तान भी तैयार हो चुका है जहां पुलिस का लॉ एंड ऑर्डर दम तोड़ रहा है और प्रबंधन का जमीर पहले ही मर चुका है। बीती रात की वारदात ने साबित कर दिया कि इस क्षेत्र में अपराधी राजा हैं और कर्मचारी उनके सामने निरीह प्रजा SECL के पंखा घर में तैनात राममनोहर, जो सिर्फ ड्यूटी निभा रहा था, उसकी किस्मत में ऐसा मंजर लिखा था जो एक आम आदमी की कल्पना से परे है रात के सन्नाटे में अचानक 15-16 बदमाश ऐसे घुसे जैसे उन्हें किसी सुरक्षा की कोई परवाह ही नहीं चारों ओर से घेरकर कर्मचारी को पटक दिया, मोबाइल छीना और कोठरी में बंद कर दिया ये कोई चोरी नहीं थी, ये थी पूरी प्लानिंग के साथ की गई डकैती राममनोहर पूरी रात उस कोठरी में बंद रहा, ना खाना, ना पानी, ना मदद और उस दौरान बाहर अपराधी ट्रांसफॉर्मर तक उखाड़ ले गए सरकारी संपत्ति लुट गई। सिस्टम लुटता रहा और पुलिस प्रशासन जैसे उनकी आंखों पर सत्ता की पट्टी बंधी हो और कानों में भ्रष्टाचार का रूई ठूंसा हो। सुबह जब कर्मचारी किसी तरह बाहर निकला, तो नजारा ऐसा था जैसे किसी युद्ध के बाद का मैदान सामान बिखरा पड़ा, ट्रांसफॉर्मर गायब और विश्वास चकनाचूर सवाल यह है कि क्या जमुना-कोतमा क्षेत्र कोई जंगल है। क्या यह कोई नो-मैन्स-लैंड है जहां कोई कानून नहीं चलता। या फिर अपराधियों और जिम्मेदार अफसरों की कोई “इनसाइड डील” चल रही है। पुलिस ने घटना के बाद वही पुराना राग अलापा “जांच चल रही है”, “जल्द कार्रवाई होगी”, “अज्ञात लोगों की तलाश है” लेकिन सवाल यह है कि जब अपराधी योजनाबद्ध तरीके से घुसते हैं, कर्मचारियों को बंधक बनाते हैं, और घंटों लूट मचाते हैं, तब पुलिस कहां होती है। क्या गश्त सिर्फ फाइलों में होती है।

## ग्रामीण क्षेत्र में किया जा रहा वृक्षारोपण



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धरती को हरा भरा करने के साथ ही मानव जीवन को शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके इसके लिए कोयलांचल क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र मे बढ़ चढ़कर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है और यह भी संकल्प लिया जा रहा है कि वृक्षारोपण करने मात्र से ही काम नहीं चलने वाला है इन वृक्षों की देखभाल हमें अपने बच्चों के जैसे करना है प्रतिदिन इन्हें सुबह-शाम पानी देते हुए जीवित करना है जिससे आने वाले समय में हरे-भरे वृक्षों के कारण हरियाली के साथ ही शुद्ध वातावरण निर्मित हो और मानव जीवन को शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके। क्षेत्रीय चिकित्सालय कोतमा कालरी में विश्व पर्यावरण दिवस में सी एमओ डा देवेन्द्र टुडू एवं समस्त डाक्टर एवं स्टाफ, कर्मचारी ने मिलकर फलदार पौधे लगाए साथ में देखरेख कर बड़ा करने का संकल्प लिए। सी एम डी बिलासपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक डिस्पोजल प्रदूषण मुक्त एवं हरित क्रान्ति के लिए पौधे लगाए जाने का आह्वान किया गया था। सभी को यह संदेश गौतम मित्रा के द्वारा वाचन करते हुए जानकारी दी गई। ग्रामीण क्षेत्र के लामा टोला गांव मे स्थित सी बी यम प्रोजेक्ट के द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिसर मे फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने एक-एक वृक्ष की बड़े होने तक देखभाल करने का संकल्प भी लिया।

## खबर संक्षेप

### फागिंग एवं कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव

**कटनी।** शहर में मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण लगाने सहित डेंगू ,मलेरिया एवं मच्छर जनित अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकने तथा विनिष्टिकरण के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निर्धारित कैलेंडर अनुसार नगर के समस्त वार्डों में सघन छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत फागिंग मशीनों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर फागिंग से धुआं किए जाने के कार्य के अलावा सुबह के समय में कीटनाशक दवाईयों का भी गली-गली छिड़काव कराया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत गुरुवार को भी नगर के बाबू जगजीवन राम वार्ड की विभिन्न गलियों उड़िया मोहल्ला, एन के जे बस्ती, बजरिया मुख्य मार्ग, शारदा ज्वेलर्स मार्ग, जैन कालोनी की विभिन्न मार्गों सहित हीरो पुक गली आदि क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर फागिंग मशीन से रासायनिक धुंआ छोड़ने की कार्यवाही की जाकर व्यस्क मच्छरों का विनष्टीकरण किया गया। जबकि विगत रात्रि पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की समस्त गलियों मे फागिंग मशीन से रासायनिक धुंआ का छिड़काव किया जाकर मच्छरों पर नियंत्रण के प्रयास किए गए।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद पोधारोपण कार्यक्रम

**कटनी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को वूमेन फॉर ट्री अभियान के तहत "अमृत मित्र" एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा वृहद रूप में निकाय अंतर्गत जल शोधन संयंत्र पार्क क्षेत्र नगर निगम कटनी में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीती संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे तहसीलदार बी.के.मिश्रा सहित पार्षदगण एवं एन.यू.एल.एम. व पी0डी0एम0सी0 से अमृत मित्र नोडल अधिकारी स्व सहायता समूह आस्था महिला स्व सहायता समूह, आर्य महिला स्व सहायता समूह ,लहर महिला स्व सहायता समूह ,नारी शक्ति महिला स्व सहायता समूह, बरगद महिला स्व सहायता समूह ,कार्तिकेय महिला स्व सहायता समूह की काफी महिलायें उपस्थित रहीं ।

### दो विद्यालयों में 6.47 लाख से होगा विद्युतीकरण कार्य

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर के शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने को लेकर प्रयास किये जा रहे है। इसी श्रृंखला में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं आयुक्त नीलेश दुबे के कुशल निर्देशन में नगर निगम के माध्यम से शहर के दो शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों के पठन- पाठन की सुचारू कार्य व्यवस्था के लिए विद्युत व्यवस्था के सुदृढीकरण कार्य हेतु 6 लाख 47 हजार 953 रुपए की निविदा जारी की गई है। शहर के हीरागंज स्थित शासकीय यशोदा बाई माध्यमिक शाला तथा साधूराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी के कक्षों में विद्युत फिटिंग के कार्य होगा। वर्तमान में शाला परिसर के कक्षों में विद्युत व्यवस्था जीर्ण शीर्ण होने के कारण छात्रों एवं शाला स्टाफ को अध्ययन एवं अध्यापन कार्य में काफी परेशानी का सामना करना पडता है। विद्युतीकरण कार्य पूर्ण हो जाने पर दोनों ही स्कूलों के छात्रों को पठन-पाठन की बेहतर सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

### युवक ने लगाई फांसी

**सिलौड़ी।** एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार रोहित कुमार चक्रवर्ती 21 वर्ष ग्राम पिंडरई पिपरिया ने सिलौंडी में दोपहर 3.30 बजे के लगभग राम बाग स्टेडियम के सामने वाले खेत में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली । ग्रामीणों की सूचना पर चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल घटना स्थल पहुंचे। पंचनामा तैयार कर शव को पेड़ उतरकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल उमरिया पान भेजा । चौकी प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान करते हुए परिजनों को बुलाया कार्यवाही की गई। युवक द्वारा खुदकुशी क्यों कि गई इस मामले की जांच की जा रही है।

---

स्टेशन से रेल्वे ओवर ब्रिज तक रोज़ लगता है जाम

# नगर में नो एंट्री ट्राफिक व्यवस्था को व्यवस्थित की जाये

**नगर में सड़क, बिजली, पानी जैसे अनेक समस्याओं के संबंध मे नेता प्रतिपक्ष ने विरोध जताकर सौंपा ज्ञापन**





बुढार।

नगर में पीने के दूषित पानी एवं अनेक व्याप्त समस्याओं को लेकर एवं रेल्वे स्टेशन मार्ग पर आये दिनों लग रहे ट्राफिक जाम को व्यवस्थित करने नेता प्रतिपक्ष भानु दीक्षित के नेतृत्व में थाना प्रभारी संजय जायसवाल एवं नगर परिषद सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव को सौंपा ज्ञापन।

थाना प्रभारी को रेल्वे ओभर ब्रिज से लेकर रेल्वे स्टेशन जाने वाले नगर के प्रमुख मार्ग पर फुटपाथी सब्जी बाज़ार लगने से आयें दिनों अव्यस्थित वाहन पार्किंग एवं ट्राफिक व्यवस्था के सुधार के लिए नगर परिषद टांसपोर्ट एरिया है जहां पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में वाहन खड़े होते हैं और आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ती है सभी वाहन व्यावसायिक होते हैं और बीच-बीच सड़क पर बड़े वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिससे आवागमन वंधित होता है उन्हें व्यवस्थित तरीके खड़ा करने की व्यवस्था बनने में अपना सहयोग प्रदान करें,साथ ही पहले जैसे बड़े वाहनों को दिन में नो एंट्री कर शहर से आना-जाना करने पर रोक लगाई जाए। दर्जनों कांग्रेसियों ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर कर नगर में व्याप्त पीने का पानी सड़क, विधुत जैसी अनेक समस्याओं को लेकर विरोध करते हुए कहा है कि नगर परिषद के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में कई मूलभूत सुविधाओं की दरकार है जिसका निराकरण नहीं किया जा रहा है।पहले जैसे बड़े वाहनों पर नो एंट्री की व्यवस्था को पुनः स्थापित किया जाये

**नगर परिषद पीने के दूषित को बंद करें**

सौपे गये ज्ञापन में उल्लेखित करते हुए बताया कि विगत कई महीनों से बुढार के विभिन्न वार्डों में अत्यंत दूषित पेयजल की सप्लाई की जा रही है जिससे विभिन्न प्रकार की बिमारी नगर वासियों को होने की आशंका है जो नगर के स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से घातक है। पेयजल आपूर्ति हेतु पुरे नगर में बने हुए सड़कों का खन्न कर पाइप-लाइन बिछाईं गई है, जिससे समूचा नगर एक अव्यवसायिक नगर के रूप में प्रदर्शित हो रहा है इसके बावजूद भी नगर वासियों को उक्त पाइपलाइन द्वारा आज तक पेयजल की सप्लाई प्रदाय नहीं की गई, अतः शीघ्र ही सड़कों का मरम्मत कर पानी सप्लाई किया जाये।

नगर के वार्ड क्रमांक 10 में नवनिर्मित कालोनी द्वारिका नगर जो पिछले पांच वर्षों से विधुत सप्लाई से वंधित है यथाशीघ्र विधुत व्यवस्था उपलब्ध कराई जाये, तथा वार्ड क्रमांक 6 में बनीं पक्की सीसी सड़क के ऊपर डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है, जबकि उसी वार्ड के विभिन्न महत्वपूर्ण रास्ते निमार्ण कार्य से वंचित हैं, और आवश्यक रास्तों पर किया जाये। नगर के प्रमुख विभिन्न ऐसे वार्डों में पांच वर्षों से पहले भी पेयजल हेतु पाइप-लाइन बिछाईं गई थी इसके बावजूद भी वर्तमान समय पर पुनः शासन के पैसे का दुरपयोग करते हुए पाइप-लाइन बिछाईं गई जो दुर्भाग्य का विषय है।5 साल पहले बिछें पाइप-लाइन से और न ही वर्तमान में बिछें पाइप-लाइन से पानी सप्लाई नगर वासियों को प्रदाय की गई है। ज्ञापन सौप कर विभिन्न मांगों पर यदि निराकरण नहीं किया जाता तो शीघ्र ही आंदोलनात्मक घेराव करने बाध्य होंगे।

प्रभारी सीएमओ ने कलेक्टर को लिखा था पत्र

नगर परिषद बुढार क्षेत्र में पीने के पानी के दूषित सप्लाई को लेकर प्रभारी सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव ने अपने पत्र क्रमांक 725/25 दिनांक 3 जून 2025 को कलेक्टर डॉ केदार सिंह को ग्राम जरवाही में निकाय इंटकवेल स्थापित है और सोन नदी से बुढार के पुरे नगर को सोन नदी से पीने का पानी की सप्लाई किया जाता है, वर्तमान में ओरियंट पेपर मिल प्रबंधन द्वारा दूषित पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है जिससे नदी का पानी दूषित हो रहा है।

ओपीएम मिल प्रबंधन द्वारा दूषित पानी छोड़े जाने के कारण नगर वासियों को पीने का दूषित केमिकल युक्त पानी सप्लाई हो रहा है।

ज्ञापन सौंपते समय जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बलमीत सिंह खनूजा, पुर्व ब्लाक अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल,नपा उपाध्यक्ष शेखर चौधरी,प्रवीण सिंह राजीव शर्मा, सना उल्ला ख़ान,पवन सोनी, पार्षद हर्ष पाठक, मोहन बैंगा, सौरभ सिंह, अभिषेक अग्रवाल सहित भारी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

---

उमरिया जिले के पाली क्षेत्र में अपराधों का बढ़ता ग्राफ

## दो दिनों में दो हत्याएं, पुलिस अलर्ट मोड में




बिरसिहपुर पाली

उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता दिख रहा है। दो दिनों के भीतर हुई दो सनसनीखेज हत्याओं ने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है। शुक्रवार की सुबह एक और हत्या का मामला सामने आया है, जिसमें ग्राम पंचायत मंगठार चौकी क्षेत्र के सुंदरदादर रोड स्थित बरा मोहल्ला में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान मनोज पिल्ले पिता तुलसीधरण पिल्ले उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई है, जो मंगठार बस्तीका का निवासी था।स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। शव की हालत देखकर प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हो रहा है कि मनोज पिल्ले की हत्या पत्थर से कुचलकर की गई है। घटनास्थल पर खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था और आसपास खून के धब्बे तथा एक भारी पत्थर मिला, जिससे हत्या किए जाने की आशंका है। फिलहाल पुलिस ने मामले की विवेचना आरंभ कर दी गई है।पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि, हमें सुबह सूचना प्राप्त हुई थी कि सुंदरदादर रोड के पास एक शव पड़ा हुआ है हम मौके पर पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि इससे ठीक दो दिन पहले, बुधवार की रात पाली थाना अंतर्गत घुनघुटी चौकी के ग्राम अमिलिहा में भी एक वीभत्स हत्या की वारदात हुई थी। वहां अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर शिवदयाल शुक्ला नामक किराना दुकानदार की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी और घर व दुकान से नकदी व सामान भी ले गए थे। उस मामले में भी अभी तक कोई ठोस गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।लगातार हो रही इन हत्याओं ने न केवल पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि आमजन में भय और असुरक्षा की भावना भी गहराई है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले उनका क्षेत्र शांत माना जाता था, लेकिन अब आए दिन हो रहे गंभीर अपराधों से वे चिंतित हैं।बिरसिंहपुर पाली क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से चोरी, हत्या जैसी संगीन घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आम लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी कमजोर क्यों होती जा रही है? क्या अपराधियों को पुलिस का खौफ नहीं रह गया है? फिलहाल क्षेत्रवासी डरे हुए हैं और पुलिस से सख्त कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं। वहीं, प्रशासनिक अमले की सक्रियता भी अब कसौटी पर है कि वह इन जघन्य अपराधों पर लगाम कैसे लगाता है।

---

## शराब दुकान हटाने को लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष का संघर्ष जारी



धनपुरी ।

नगर पालिका धनपुरी के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता ने प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वे पिछले एक साल से वार्ड नंबर 17 और 4 की सीमा पर संचालित एक शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन न तो जिला भाजपा संगठन और न ही जिला प्रशासन इस पर कोई सुनवाई कर रहा है।शहीद की प्रतिमा के पास संचालित है शराब दुकानपूर्व अध्यक्ष ने बताया कि यह शराब दुकान शहीद विजय शुक्ला की प्रतिमा, पोस्ट ऑफिस कार्यालय और मैंन रोड जैसे सार्वजनिक स्थलों के बिल्कुल नजदीक संचालित हो रही है। गाइडलाइन के अनुसार ऐसे स्थलों के पास शराब दुकान नहीं चलनी चाहिए। इसके बावजूद शराब ठेकेदार खुलेआम कहता है कि उसने यह दुकान 20 प्रतिशत अधिक राशि में ली है, इसलिए वह हटने को तैयार नहीं है।विधायक-सांसद, पार्षद से लेकर सभापति तक ने लिखा, फिर भी नहीं हुई कार्रवाईशराब दुकान को हटाने के लिए वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद व नगर पालिका सभापति प्रवीण बड़ोलिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम सिंह, हिन्दू जागरण समिति के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह पवार, और श्रमिक नेता विनय कुमार सिंह ने भी समर्थन किया है। भाजपा नेता ने बताया कि इस संबंध में वे स्वयं कई बार कलेक्टर से मिल चुके हैं और वार्ड पार्षद, विधायक, सांसद और मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी लिखित में स्थानांतरण की सिफारिश कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।भाजपा नेता ने जताई नाराजगी –पूर्व अध्यक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब विधायक और सांसद की बात नहीं मानी जा रही, तो आम कार्यकर्ताओं की कौन सुनेगा? उन्होंने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है कि भाजपा की सरकार होते हुए भी संगठन और प्रशासन जनहित की मांगों पर मौन है।मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगेभाजपा नेता ने बताया कि वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ब्यौहारी प्रवास के दौरान इस पूरे मामले की शिकायत करेंगे और निवेदन करेंगे कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया जाए।

---

## सांसों का महत्व समझिये और सभी मिलकर एक पौधा अवश्य रोपिये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को जन शिक्षण संस्थान कटनी द्वारा राम मनोहर लोहिया वार्ड, कटनी में विष्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों एवं लाभार्थियों के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

इस कार्यक्रम में संस्थान की निदेशक श्रीमती लाली सिंह के द्वारा विष्व पर्यावरण दिवस पर सभी को यह संदेश दिया कि " मनुष्य के लिए प्रकृति नहीं, बल्कि 'प्रकृति के लिए मनुष्य' ही साध्य हो, तब ही मनुष्य का जीवन सच्चे अर्थो में सुखी हो सकता है। वृक्ष हमारे लिए यूं ही पूजनीय नहीं है, हम वास्तव में उनके गुणों की पूजा करते हैं। इसी गुणग्राहकता के चलते भारतीय परंपरा वृक्ष लगाने को महान पुण्यदायक कहती है, हम आम, नीम, पीपल, आवंला, अमरूद जैसे तमाम पेड़ केवल फल या अपने फायदे के लिए नहीं, बल्कि चीटी से चमगादड़ तक, प्रकृति के सभी अंषों को ध्यान में रखकर लगाते है हमारे देश में प्रति व्यक्ति 26 पेड़ों को उपलब्धता है, जबकि अमेरिका में यह औसत 716 पेड़ प्रति व्यक्ति है। हमारी जनसंख्या अधिक है, फिर भी हम रिक्त स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर एक अच्छा संतुलन जरूर स्थापित कर सकते है।"

---

## नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन-जागरण यात्रा का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी** म. प्र. जन अभियान परिषद के तत्वाधान में चल रही बारह दिवसीय नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा दक्षिण तट में मेंहदवानी विकासखण्ड के कलगी टोला ग्राम के नर्मदा तट से यात्रा दल का प्रवेश होकर क्रमशः राघोपुर, खम्हरिया, चौबीसा से होते हुये पड़रीटोला एवं कन्हारी में रात्रि विश्राम हुआ तत्पश्चात दिनाँक 5 जून को प्रातः यात्रा दल ग्राम तेंदूडीह में माँ नर्मदा के तट पर पूजन के पश्चात पुनः आगे के ग्रामों क्रमशः जरहा नैझर, सूरजपुरा, डोकरघाट से होते हुये मटियारी ग्राम में यात्रा का समापन हुआ। इस पूरे यात्रा के दौरान जिला समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान द्वारा यात्रा के उद्देश्य एवं निर्माण कार्यों, पर्यावरण के प्रति जागरुकता, सांकेतिक स्वच्छता एवं ग्राम चौपाल सभी ग्रामों में लगाकर माँ नर्मदा के तटों के संरक्षण एवं संवर्धन की बात बताई गई साथ ही प्रत्येक नर्मदा तट के ग्रामों में नर्मदा सेवा समिति का गठन ग्रामीण जनों की उपस्थिति में किया गया । इस पूरी यात्रा को अपना विशेष सहयोग देकर यात्रा को सफल बनाने में मेंहदवानी,अमरपुर,करंजिया एवं डिंडोरी बी. सी. क्रमशः श्री मति सुशीला ठाकुर,अमर लाल धुर्वे,भानु प्रताप मरावी, गणेश राजपूत, मेंटर - देवेश धनंजय, दीपेन्द्र साहू, निर्मल मरकाम एवं नितीश साहू साथ ही नवांकुर संस्था से सुमेरी यादव, जागेश्वर, सुखराम, राजाराम धुर्वे, प्रस्फुटन समितियों, सरपंच, सचिवों, रोजगार सहायकों, मोबीलाईजर एवं ग्रामीण जनों की उल्लेखनीय उपस्थित्ति दर्ज की गई।

---

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश

## आम रास्ते पर अतिक्रमण, उप-स्वास्थ्य केन्द्र में मवेशियों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंतर्वेद पहुंच कर यहां आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में 102 ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम निधि सिंह गोहल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।

**दिलायें मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल**

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पोस्ट खम्हरिया निवासी कैलाश दाहिया ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की मांग करते हुए कहा की मैं दिव्यांग हूँ ,इसलिए मुझे ट्राई मोटरसाइकिल दिलाई जाय। इस पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सामाजिक न्याय विभाग को पात्रतानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**राजस्व रिकॉर्ड में सुधार करायें**

ग्राम मुरवारी निवासी राजेन्द्र पाठक ने आवेदन देते हुए बताया कि ढीमरखेड़ा तहसील के पटवारी हलका नंबर 41 के राजस्व रिकॉर्ड में 2 एकड़ भूमि वाले किसान की जगह नाम 1.5 एकड़ भूमि वाले किसान का नाम एवं 1.5 एकड़ भूमि वाले किसान के नाम की जगह 2 एकड़ भूमि वाले किसान का नाम दर्ज हो गया है। ऐसी स्थिति में भविष्य में होने वाले संभावित संघर्ष को देखते हुए राजस्व रिकॉर्ड की त्रुटियों में सुधार करायें। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को राजस्व रिकाड्र्स की जाँच कर शिकायत के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

**अतिक्रमण हटवाएं**

ग्राम खम्हरिया निवासी बालेन्द्र प्यासी एवं अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुए बताया की स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बृहस्पति साकेत द्वारा आम रास्ते का अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को मामले की जाँच कर निश्चित समयावधि में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**उप स्वाथ्य केन्द्र में टीकाकरण के समय ही आते हैं कर्मचारी**

ग्राम खम्हरिया के ग्रामीणों ने जनसुनवाई के दौरान बताया की यहाँ उपस्वास्थ्य केन्द्र में कोई भी स्थायी कर्मचारी मौजूद नहीं रहता। केवल टीकाकरण के समय ही वे आते हैं। बाकी समय यहाँ मवेशियों का झुण्ड लगा रहता है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीएमएचओ को समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

---

## आठ अमृत सरोवर तालाब निर्माण के लिए 1.87 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने 15वें वित्त मद एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम से जनपद पंचायत बड़वारा एवं कटनी में 8 अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 86 लाख 76 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। 6 अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत को बनाया गया है। जबकि कलेक्टर ने 2 अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य की निर्माण एजेंसी वन मंडल अधिकारी सामान्य वन मंडल कटनी को बनाया गया है। जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम कुठिया महगवां में अमृत सरोवर तालाब के निर्माण के लिए 24.77 लाख रुपए, ग्राम ताली रोहनिया में अमृत सरोवर तालाब निर्माण के लिए 24.25 लाख रुपए, ग्राम मचमचा में अमृत सरोवर तालाब के निर्माण के लिए 22.17 लाख रूपए और ग्राम सलैया सिहोरा में अमृत सरोवर तालाब निर्माण के ऊ 22.41 लाख रुपए तथा ग्राम सांधी में अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु 23.32 लाख रुपए और ग्राम मोहनी में अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु 20 लाख रूपए तथा ग्राम नदियाटोला में अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु 24.86 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर ने प्रदान की है। जबकि जनपद पंचायत कटनी के ग्राम सुनहरी में अमृत सरोवर तालाब निर्माण के लिए 24.98 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा कि कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जाए । यदि स्वीकृत राशि से अधिक राशि व्यय की जाती है तो इसका समस्त दायित्व क्रियान्वयन एजेंसी का होगा। साथ ही कार्य मनरेगा योजना से स्वीकृत है इसलिए ठेका पद्धति से कार्य किया जाना प्रतिबंधित है।

### नकली खाद किसानों को कर रहा बर्बाद

# बाजार में फर्जी कंपनियों का उतरा नकली खाद-बीज

## जिम्मेदारों की मूक सहमति से व्यापारियों की चांदी

किसान की भूमि से जो उपज होती है उसी से उसका जीवन-यापन चलता है। इस तरह किसान के कमर की रीढ़ भूमि मानी जाती है और यदि रीढ़ टूट जाये तो स्वाभाविक है कि किसान अपाहिज हो जायेगा। यदि उसे नकली खाद व बीज मिल गया तो साल भर की मेहनत पर पानी फिर जायेगा, लेकिन इसकी परवाह किसी को नहीं है। बाजार के अंदर भारी मात्रा में नकली खाद व बीज का भंडारण व्यापारियों द्वारा किया गया है और किसानों को लूटने की पूरी तैयारी चल रही है। इसके पहले कि किसान लुटे प्रशासन को हरकत में आना चाहिये ताकि नकली खाद व बीज जप्त हो सके अन्थया किसान बेवजह मारा जायेगा। अनूपपुर, कोतमा, राजेन्द्रग्राम, फुनगा जैतहरी, वेंकटनगर, अमरकंटक, बिजुरी जैसे प्रमुख स्थानों पर दुकानदार नकली खाद बीज का भंडारण किये हुये है।





हरिभूमि न्यूजअनूपपुर

जिले में कुछ बीज व्यापारियों द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिली भगत कर बड़े पैमाने पर अंधेरगर्दी मचाये हुये है और विभागीय अमला कुम्भकर्णी निद्रा में सोया हुआ है। किसानों का हितैषी बताने वाला कृषि विभाग की सारी हकीकत उस समय सामने आ जाती है जब किसानों के हाथ में नकली खाद व बीज का पैकेट होता है।

### फर्जी कंपनियों का उतरा माल

जिले के अंदर फर्जी कंपनियों के बीज भारी मात्रा में आने की जानकारी मिली है और व्यापारियों ने इसी बीज को खपाने की रणनीति तैयार कर ली है। ब्रांडेड कंपनियों का लेबल लगाकर माल को पैक किया जा रहा है और जिले के प्रशासनिक अधिकारी ऑख में पट्टी बांधे बैठे हुये है अभी तक एक भी दुकान पर ना तो निरीक्षण हुआ और न ही कार्यवाही, इससे स्पष्ट होता है कि प्रशासनिक अधिकारियों का संरक्षण दुकानदारों को प्राप्त है। इस धान बीज के पैकेट पर शासन की आवश्यक अनुमति अथवा प्रमाणीकरण की कोई जानकारी दर्शित नहीं होती है।

### सो रहा कृषि विभाग

उल्लेखनीय है कि बाजार में घटिया बीज बेचे जाने के मामलों को जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा कभी उजागर नहीं किया जाता है। इन मामलों को या तो घटिया बीज खरीदकर लुट जाने वाला किसान उजागर करता है या फिर मीडिया के सजग प्रहरी। उसके बाद भी जिले के कर्णधार अपनी जिम्मेदारियों का पूरा न करते हुये उससे ऑख चुराने का प्रयास करते रहते है। इधर किसान अमानक स्तर का खाद बीज व दवाईयां खरीदकर अपनी फसल की बर्बादी को खुली ऑखों से देखता रहता है।

### वास्तविक उत्पादन की भी नहीं होती जांच

उधर संबंधित कंपनी कृषि विभाग को चढ़ौत्री चढ़ाकर पुनः बाजार में अपने अमानक उत्पादनों को बेचना शुरू कर दी है वहीं जिले में बीच उत्पादक सहकारी समितियां रिकार्ड में दिखाई गई है, लेकिन इनमें से कितनी समितियां वास्तव में धान बीज का उत्पादन कर रही है, इसका जायजा लेने की कोशिश कृषि विभाग द्वारा नहीं की गई।

### अधिकारियों व व्यापारियों की चल रही सांठ-गांठ

बैंकों के कर्ज, नकली बीज, घटिया खाद व कीट नाशकों के प्रयोग से बर्बाद होती फसलों के कारण जिले के किसानों द्वारा लगातार आत्महत्या के मामले प्रकाश में आते रहते है लेकिन उसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस पर रोक नहीं लगाई जा पा रही है। अब लगता है कि जिले के किसानों के साथ भी ऐसे ही कुछ होने जा रहा है जहां जिले में किसानों को आत्महत्या की ओर विवश करने का षडयंत्र कृषि विभाग के अधिकारियों और बीज उत्पादक कंपनियों, व्यापारियों की सांठ-गांठ से रचा जा रहा है। यदि वास्तव में कृषि विभाग के अधिकारी और प्रशासन किसानों के हित चिंतक है तो उन्हे तत्काल जिलें में बीज उत्पादक समितियों बाजार में व्यापारियों द्वारा बेजी जा रही कीटनाशक धान, बीज और दवाईयों का परीक्षण कराना चाहिये और किसानों को घटिया उत्पाद खरीदने से बचाना चाहिये।



## पथरौड़ी में कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत कृषकों को केन्द्रीय योजनाओं एवं मध्यप्रदेश शासन की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गई नवीन/उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी तथा कृषि में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी जा रही है। इसी अनुक्रम में आज कोतमा विकासखण्ड के ग्राम पथरौड़ी मे विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा किसानो को कई महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कृषि यंत्रीकरण डीएसआर द्वारा धान बुवाई, एनपीके खाद के उपयोग एवं लाभ, साल में दो फसल की खेती करना, खेती के साथ अन्य कार्य, पशुपालन, सब्जी उत्पादन, बकरी पालन, गोबर से खाद तैयार करने, घर पर कीटनाशक बनाने, धान की सीधी बुवाई करने, रोपित धान उचित समय पर लगाने एवं विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही योजनाओं आदि की जानकारी प्रदान कर किसानों को लाभान्वित किया गया। संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. पाण्डेय, कृषि वैज्ञानिक डॉ. संदीप चौहान, कृषि विभाग की जिला अधिकारी श्रीमती निशा सिन्हा एवं उद्यानिकी तथा पशुपालन विभाग के अधकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सरपंच महेन्द्र मरावी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कृषक उपस्थित रहे। 07 जून को विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत विकासखण्ड अनूपपुर के ग्राम टॉकी, चुकान, मलगा, विकासखण्ड कोतमा के ग्राम गुलीडांड, उमरदा, कोठी, विकासखण्ड जैतहरी के ग्राम सेमरवार, गोरसी, गोधन एवं विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ के ग्राम लखौरा, किरगी, धरहरकला में कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।

### नमाज अता कर मांगी अमन-चैन की दुआ

# जिले भर में परंपरागत तरीके से मनाया गया ईद-उल-अजहा पर्व

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा



ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व शनिवार 7 जून को पूरे जिलेभर में परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद का नमाज पढ़कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। कोतमा मे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों में नमाज अदा कर विभिन्न धर्मों के बीच शांति एवं भाईचारा बना रहने की कामना की। नमाज में हजारो की तादाद में मुस्लिम समुदाय के नमाजियों ने ईदगाह पर शामिल होते हुए अल्लाताला के सजदे में सिर नवाए। कोतमा में लहसुई गांव स्थित ईदगाह इसलामगंज मस्जिद बनिया टोला मस्जिद में सुबह 9 बजे नमाज पढ़ी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु ईदगाह स्थल में एसडीएम अजीत तिर्की, तहसीलदार ईश्वर प्रधान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आरती शाक्य, थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ला, सीएमओ प्रदीप झारिया, पटवारी अभिमन्यु पाल सहित राजस्व एवं नगर पालिका अमला पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे। ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है। कुर्बानी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है। कुर्बानी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो। हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलेही सलाम को कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे। अल्लाह को यह अदा काफी पसंद आई। इसके बाद सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुर्बानी दी गई। उसके बाद देर शाम तक कुर्बानियों का सिलसिला चलता रहा। सभी धर्मों के लोगों ने इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई दी। घर-घर पकवान बने। एक दूसरे के घर जाकर लोगों ने पकवान भी बांटे। मौके पर लोगों ने कहा कि ईद उल अजहा एकता का संदेश देता है एकता से बड़ी कोई दौलत नहीं है। ईदगाह पर नमाज अदाएगी के बाद नमाजियों ने ईदगाह के बाहर अतिथियों से गले मिलकर एक दूसरे को ईद-उल-जुहा की बधाई दी। नगरवासियों के द्वारा ईद उल जुहा की तैयारियों में पूर्व से ही जुटे मुस्लिम समुदायों के लोगों ने कुर्बानी के लिए बढ़-चढ़ कर बकरों की खरीदारी की।

भालूमाड़ा नगर में मुस्लिम पर्व ईद उल जुहा (बकरीद) का पर्व शांति सद्भाव से मनाया गया। नगर के लोगों ने ईदगाह में ईद उल जुहा की नमाज अदा की। दफाई नंबर 3 के छोटी मस्जिद व जमुना कॉलरी में भी वार्ड क्रमांक 2 में नमाज अदा की गई। ईदगाह में नमाज सुबह अदा की गई। इस दौरान थोड़ी-थोड़ी बारिश भी होती रही। लेकिन लोगों ने बारिश की परवाह किए बगैर नमाज़ पढ़े। ईदगाह में हमेशा की तरह छोटे-छोटे बच्चे सज धज कर आए थे। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाईयां दी। कोतमा नगर में नमाज अता कर मांगी अमन-चैन की दुआ मांगी। ईदगाह स्थल पर नगर पालिका द्वारा सफाई, पानी एंव अन्य व्यवस्था बनाई गई थी। कोतमा के अलावा निगवानी, पैरीचुआं, सारंगगढ़ मे भी शांति के साथ नमाज पढी गई।

### बैठक से खुल सकते हैं विकास और रोजगार के द्वार..

# कैबिनेट की अगली बैठक मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में संभावित

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

मध्य प्रदेश के मोहन यादव की सरकार जन कल्याण के फैसलों के साथ अब अपने लगभग दो वर्ष के कार्यकाल मे चार ऐतिहासिक जगहों पर कैबिनेट की बैठक कर चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले समय मे सरकार मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक मे भी कैबिनेट की बैठक करने जा रही है।



जानकारी के मुताबिक इसके पहले मोहन सरकार ने चार डेस्टिनेशन कैबिनेट बैठक कर चुकी है, इसकी शुरूआत दमोह जिले के सिंग्रामपुर जहां रानी दुर्गावती से जुडे प्रसिद्ध स्थान है वही देवी अहिल्या बाई की याद मे महेश्वर और इंदौर के राजवाडा मे बैठक हो चुकी है। कुछ दिनो पूर्व ही चौथी बैठक मध्य प्रदेश के कश्मीर कहे जाने वाले पचमढी मे देखी गई। मोहन सरकारी की सोच है कि प्रदेश के इन स्थलों का वर्षो से इतिहास रहा है। जब अमरकंटक मे कैबिनेट की बैठक तय होगी तो उस दिन से लेकर संबंधित स्थल की पूछपरख तो बढेगी ही साथ ही वहां के लोगों को रोजगार मिलने की संभावना भी बढ जायेगी।

संभवतः आगामी पांचवीं बैठक मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक मे हो सकती है। जिससे अमरकंटक ही नही बल्कि समूचा अनूपपुर जिला सहित शहडोल संभाग को विकास की संभवनाओं का जो धुंधलापन है वह रोशनी की ओर ले जायेगा। अभी अनूपपुर जिला पावर हब बनने जा रहा है। इस दौरान अनूपपुर जिले मे लगभग नया और पुराने मिलाकर पांच से छः थर्मल पावर आने वाले समय मे मिलेंगे जिससे यहां के बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आधार बनवाने व सुधारने लगाए जा रहे कैम्प

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतो में विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिए जाने हेतु नागरिकों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व नए आधार कार्ड बनाए जाने हेतु ग्राम पंचायत व वार्डवार आधार कैम्प का आयोजन सोमवार 2 जून से प्रातः 10 से शायं 6 तक प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड व ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 989 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य एवं 121 नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए हैं। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी या अमले से तथा ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत अमले से आधार शिविर के तिथि की जानकारी प्राप्त कर आधार बनवाने एवं सुधार कार्य का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# एकादशी पर श्रद्धालुओं ने पवित्र नर्मदा में किया स्नान

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पावन पवित्र नगरी अमरकंटक में एकादशी के पावन पुण्य अवसर पर हजारों भक्त श्रद्धालुओं ने पावन सलिला मां नर्मदा जी के कोटि तीर्थ घाट कुंड रामघाट में आस्था की डुबकी लगाई एकादशी के उपलक्ष्य लगभग 30 हजार से भी अधिक भक्त श्रद्धालु दर्शनार्थियों द्वारा पूरे भक्ति भाव के साथ स्नान दर्शन कर विधिवत पूजन अर्चन किया गया रामघाट एवं कोटि तीर्थ कुंड में सुबह से ही भारी भीड़ भाड़ डुबकी लगाने स्नान करने जमा रही। उल्लेखनीय है कि जेष्ठ मास शुक्ल पक्ष एकादशी हस्त नक्षत्र के योग पर भारी संख्या में भक्त श्रद्धालुओं द्वारा नर्मदा में स्नान दर्शन पुण्य लाभ लिया तथा पूजन अर्चन कर मन्नत मांगी। एकादशी के शुभ अवसर पर दर्शनार्थियों तीर्थ यात्रियों भक्त श्रद्धालुओं सुबह से ही घाटों पर स्नान डुबकी लगाते रहे तथा कतारबद्ध होकर नर्मदा मंदिर में मां नर्मदा का दर्शन किया इस उपलक्ष पर पूरे अमरकंटक नगर में सभी जगह भारी भीड़ भाड़ रही जो शाम होने तक भीड़ बनी रहे। इतनी भीड़ भाड़ गंगा दशहरा के अवसर पर नहीं थी जो आज अप्रत्याशित रूप से भारी भीड़ रही। एकादशी के पावन अवसर पर अचानक रूप से आई भारी भीड़ से व्यापारी भी अच्छे खासे उत्साहित प्रसन्नचित रहे उन्होंने इसका लाभ लिया और अच्छा व्यापार हुआ।



# आमाडांड परियोजना के सब एरिया मैनेजर का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** **SECL** के जमुना-कोतमा क्षेत्र की आमाडाड़ खुली खदान परियोजना में पदस्थ सब एरिया मैनेजर विपिन कुमार का 3 जून को हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनकी इस असामयिक विदाई ने न सिर्फ **SECL** परिवार, बल्कि पूरे कोतमा क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। इस खबर के फैलते ही परियोजना परिसर, कर्मचारी वर्ग, ग्रामीण समाज और वरिष्ठ अधिकारियों के बीच गहरा शोक छा गया। विपिन कुमार को उनके सहयोगी, अधीनस्थ कर्मचारी और क्षेत्रीय ग्रामीण एक कर्मठ, सज्जन, व्यवहारशील और संवेदनशील अधिकारी के रूप में जानते थे। उन्होंने अपनी सेवा के वर्षों में यह सिद्ध किया कि प्रशासनिक पद पर बैठकर भी कोई व्यक्ति जनसेवा, संवेदना और सहानुभूति को सर्वोच्च प्राथमिकता दे सकता है।



विपिन जी की छवि एक ऐसे अधिकारी की थी जो हमेशा गरीब, मजदूर और ग्रामीण जनता के सुख-दुख में सहभागी रहते थे। आमाडाड़ परियोजना के अंतर्गत आने वाले कई गांवों के लोगों ने बताया कि जब भी कोई संकट आता, विपिन सबसे पहले सामने खड़े नजर आते थे। प्रोजेक्ट प्रबंधन में विपिन कुमार जी का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने हमेशा कर्तव्य को धर्म माना और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और मानवता के साथ किया। वे अपने कार्यक्षेत्र में समयबद्ध उपस्थिति, निर्णय लेने की क्षमता और सहकर्मियों के साथ सामंजस्य के लिए जाने जाते थे। उनकी नेतृत्व शैली न केवल प्रभावशाली थी, बल्कि युवा अधिकारियों के लिए एक आदर्श और मार्गदर्शक के रूप में भी थी। श्री विपिन कुमार के असामयिक निधन से SECL आमाडाड़ परियोजना ने न केवल एक अधिकारी, बल्कि एक संवेदनशील नेतृत्वकर्ता, एक सच्चा जनसेवक और एक इंसानियत का प्रतीक खो दिया है। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता, क्योंकि वे अपने पीछे संवेदना, सेवा और प्रेरणा की एक अमिट छवि छोड़ गए हैं। विपिन कुमार जैसे लोग इस धरती पर कम ही आते हैं। वे भले आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी सेवा, सहानुभूति और कर्म की गूंज हमेशा सुनाई देती रहेगी। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके शोकसंतप्त परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति दे।

# बाजार क्षेत्र से शराब दुकान हटाने व अवैध शराब के अड्डों पर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज कोतमा

नगर के आबादी परिसर बस स्टैंड, स्टेट बैंक शाखा एवं बाजार क्षेत्र वार्ड 4 में स्थित शराब दुकान हटाने को लेकर वार्डवासियों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है।शराब दुकान हटाने को लेकर वार्डवासियों द्वारा जिला कलेक्टर, आबकारी विभाग, नगर पालिका सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को शिकायत करते हुए दुकान हटाने की मांग की गई थी।लेकिन शराब दुकान हटाने को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी आलम यह है की मुख्य मार्ग में संचालित शराब दुकान के सामने व आसपास लगी मीट एवं अंडे की दुकानों में बैठकर शराब का सेवन करते हैं और अश्लील गाली गलौज करते हुए देर रात तक हंगामा किया जाता है। जिससे वार्डवासी परेशान रहते है। बस स्टैंड के पास शराब दुकान होने की वजह से देर रात तक राहगीर एवं नागरिकों का आना-जाना बना रहता है जो कि इन नशाखोरों की गाली गलौज एवं अभद्र भाषण से शर्मसार होने को मजबूर रहते हैं। शराब दुकान के कारण ही एक दर्जन से ज्यादा ठेले की दुकान होने के कारण शराबी वहीं बैठकर शराब का सेवन करते हैं और रोड में ही खाली बोतल व मीट फेक दिये जाने से लोगों में जमकर नाराजगी बनी रहती है। नगर एवं वार्डवासियों द्वारा सैकड़ो की संख्या में कई बार मंत्री दिलीप जायसवाल से मिलकर होने वाली गतिविधियों व परेशानी को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए शराब दुकान हटाए जाने की मांग भी की जा चुकी है। लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा दुकान हटाने संबंधी कार्यवाही नहीं कर रही है। शराब दुकान से प्रताड़ित वार्ड के प्रकाश गुप्ता, प्रदीप उपाध्याय, धर्मेंद्र वर्मा, रामकुमार, श्यामलाल, मोहिनी वर्मा, रमा गुप्ता, अंजली मिश्रा, रज्जू सोनी संजय गुप्ता सहित अन्य लोगों का कहना है कि शराब दुकान के कारण शाम ढलते हो शराबखोरी एवं हंगामा शुरू हो जाता है जो देर रात जारी रहता है। शराब दुकान के कारण व्यापार भी प्रभावित हो रहा दूसरी ओर घर की महिलाएं बाहर नहीं निकल पा रही। नागरिकों ने जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग से बाजार क्षेत्र से शराब दुकान हटाने एवं शराब दुकान के पास खुले अवैध शराब के अड्डों पर कार्यवाही की मांग की गई है।